शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि०प्र०

15 SEP 2020

अति–आवश्यक

संख्याः–ई0डी0एन0–एच0ई0(21)बी0(15)15/2020–वी–भाग–I

उच्चतर शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1
Tel:0177&2653120, Extn-234, Fax:2812882, E-mail: dhe-sml-hp@nic.in,

दिनांक शिमला–1 15 सितम्बर, 2020

सेवा में

उप–शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा,
समस्त जिला, हिमाचल प्रदेश

विषयः– माननीय शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 18/08/2020 को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के सन्दर्भ में।

उपरोक्त विषय पर, सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार से प्राप्त पत्र संख्याःई0डी0एन0–बी0एफ0(10)–6/2016–III–एल दिनांक 03–09–2020, के सन्दर्भ में, जिसमें माननीय शिक्षा मंत्री महोदय द्वारा दिनांक 18/08/2020 को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में मद संख्याः–5 के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्देश दिए गएः–

मद संख्याः–5 माननीय शिक्षा मन्त्री द्वारा सरकारी स्कूलों में घटते प्रवेश पर चिन्ता जताई तथा विभाग इसे बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाएगा। जिन विद्यालयों में 1, 2, 3, 4, तथा 5 विद्यार्थियों का नामांकन है उनके साथ माननीय शिक्षा मन्त्री जी का आभासीय संवाद आयोजित किया जाए, इस संवाद में सम्बन्धित अभिभावकों तथा पंचायत प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाएगा।

इस सन्दर्भ में, जैसाकि माननीय शिक्षा मंत्री महोदय द्वारा मद संख्याः–5 पर चाहा गया है, बारे आपको निर्देश दिए जाते हैं कि आप अपने–अपने जिला की राजकीय उच्च व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं जिनमें विद्यार्थियों की संख्या क्रमशः 1, 2, 3, 4, अथवा 5 है, उन पाठशालाओं की सूची, सम्बन्धित पाठशाला के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक, सम्बन्धित पाठशाला की स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों, विद्याथियों के अभिभावकों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के सम्पर्क नम्बरों सहित निर्धारित प्रपत्र पर इस निदेशालय को तीन दिनों के भीतर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि जैसाकि माननीय शिक्षा मन्त्री महोदय द्वारा चाहा गया है, मामले में तदानुसार कार्यवाही समयबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जा सके।

अनुलग्नकः–01

(डा0 प्रमोद्र चौहान)
अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (महा0 संवर्ग),
उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश

पृष्ठांकन संख्या सम शिमला–1 दिनांक 15 सितम्बर, 2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. तकनिकी अधिकारी, सूचना एवम प्रौधोगिकी कक्ष, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को पत्र को अनुलग्नक सहित विभागीय वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. रक्षक नस्ति।

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (महा0 संवर्ग),
उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश

<u>प्रपत्र</u>

जिले का नाम :–

क्र0 सं0	पाठशाला का नाम	विद्यार्थियों की संख्या	प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक एवम अध्यापकों के नाम तथा उनके सम्पर्क नम्बर	स्कूल प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों के नाम तथा उनके सम्पर्क नम्बर	विद्यार्थियों के अभिभावकों के नाम तथा उनके सम्पर्क नम्बर	सम्बन्धित पंचायत के प्रधान, उप–प्रधान तथा सदस्यों के नाम तथा उनके सम्पर्क नम्बर
1						
2						
3						
4						
5						